**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

- मुंबई क्लाइमेट वीक में प्रदेश की ग्रीन छलांग, सिकोया के साथ एमओयू किया।
- भारत-स्पेन रिश्तों को नई रफ्तार, हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी ने पेद्रो सांचेज से की मुलाकात।
- भोपाल में 'आपातकाल और युवा' विषय पर राष्ट्रीय विमर्श, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे।
- आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी मुबारकबाद।

अब समाचार विस्तार सेः-

मुंबई क्लाइमेट वीक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुंबई क्लाइमेट वीक 2026 में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के साथ एमओयू भी साइन हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्लाइमेट चेंज से लड़ाई में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात की। उन्होंने पेद्रो सांचेज से हैदराबाद हाउस में बातचीत कर भारत-स्पेन संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। पेश है

'आपातकाल और युवा'-राष्ट्रीय विमर्श

आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर आज भोपाल में 'आपातकाल और युवा' विषय पर राष्ट्रीय विमर्श होगा, जिसका आयोजन हिन्दुस्थान समाचार कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसमें देशभर के शिक्षाविद, चिंतक और विद्यार्थी लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और नागरिक अधिकारों पर चर्चा करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में सुरेश 'भैयाजी' जोशी अपने अनुभव साझा करेंगे।

रमजान

देश के कई हिस्सों में कल शाम चाँद दिखाई देने के साथ ही आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। आज से रमजान के पवित्र महीने का पहला दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने श्रमजान मुबारकश् कहा और आशा व्यक्त की कि यह शुभ महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा।

वृक्षारोपण संकल्प-शिवराज सिंह चैहान

शिवराज सिंह चैहान अपने वृक्षारोपण संकल्प के पांच वर्ष पूरे होने पर आज नई दिल्ली के पूसा में विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। इस अभियान की शुरुआत 19 फरवरी 2021 को अमरकंटक में नर्मदा जयंती पर पौधा लगाकर की गई थी, जिसमें रोज एक पौधा लगाने का संकल्प लिया गया था।

बजट सत्र-चैथा दिन

विधानसभा के बजट सत्र का आज चैथा दिन है। सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। सोमवार को राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने अपने अभिभाषण में डॉ. मोहन यादव सरकार की चलाई गई योजनाओं के कारण आए बदलावों को विस्तार से बताया था। यह सत्र 6 मार्च तक चलेगा।

बजट-वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा

प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कल विधानसभा में डॉ. मोहन यादव सरकार का तीसरा बजट पेश किया, जिसका आकार 4.38 लाख करोड़ रुपए है। करीब डेढ़ घंटे के भाषण में उन्होंने बजट को GYAN II थीम पर आधारित बताया। उन्होंने

कहा कि इसमें गरीब, युवा, किसान, महिला, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगीकरण पर सबसे ज्यादा खर्च का प्रावधान रखा गया है। बजट में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए 3060 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं, वहीं लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार 882 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया।

बजट-कांग्रेस, जीतू पटवारी

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार के 4.38 लाख करोड़ के बजट को "ठग बजट" और जनता के साथ खुला धोखा बताया है। उन्होंने कहा कि बड़े बजट के पीछे 78 हजार करोड़ का राजकोषीय घाटा छिपा है और सरकार इसकी भरपाई का रास्ता नहीं बता रही।

भोजशाला-इंदौर खंडपीठ

धार भोजशाला विवाद से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में होगी। संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने क्षेत्राधिकार के आधार पर मामला ट्रांसफर करते हुए 23 फरवरी को अगली तारीख तय की है। उसी दिन एएसआई की रिपोर्ट भी खोली जाएगी।

विक्रमोत्सव-ऊर्जा-सेतु व्याख्यान

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आज से ऊर्जा-सेतु व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत होगी। पहला व्याख्यान पूर्व आईएएस और नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से जुड़े अनिल स्वरूप देंगे। कार्यक्रम विक्रमोत्सव-2026 के तहत स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित किया जाएगा।

कूनो नेशनल पार्क-शावक

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी ने दूसरी बार तीन शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 27 और कुल चीतों की संख्या 38 हो गई है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे वन्यजीव संरक्षण की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत विदिशा जिले से कल 779 श्रद्धालु विशेष ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने उनका स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत कराई।

टी20 क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में आज ईडन गार्डन्स में वेस्ट इंडीज-इटली, कोलंबो में श्रीलंका-जिम्बाब्वे और चेन्नई में अफगानिस्तान-कनाडा के मैच खेले जाएंगे। कल भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स को 17 रन से हराकर ग्रुप ए में जीत दर्ज की। दूसरी ओर पाकिस्तान ने नामीबिया को हराकर सुपर-8 में जगह बनाई, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को मात देकर अगला दौर तय किया। दूसरी तरफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेलेगी, जो भारतीय समयानुसार दोपहर 1 रू. 45 बजे शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश में फरवरी के दौरान तीसरी बार मौसम का मिजाज बदल है। कल कई जगह बारिश हुई और कुछ जिलों में ओले भी गिरे, जबकि आज भी ऐसा ही मौसम बना हुआ है। भोपाल में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आज सुबह 11 बजे से 2023 से 2025 तक आईटीआई उत्तीर्ण विभिन्न ट्रेड के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिये विशेष प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जा रही है।
- सतना और मैहर जिले के विद्यार्थियों की जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र प्रतियोगियों को कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में सम्मानित किया गया

- कटनी में कल नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में राहत शक्ति अभियान की सराहना की गई जिसके तहत 70 गांवों की 28 हजार से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।
- मंदसौर जिला चिकित्सालय के रक्त केंद्र द्वारा चिकित्सकों के लिए रक्त एवं रक्त अवयवों के युक्तिसंगत उपयोग विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- आगरमालवा जिले में किसान कल्याण एवं कृषि विकास योजना के तहत हिरणखेड़ी के एक किसान के यहां स्थापित बायो-इनपुट रिसोर्स संेटर का कल कलेक्टर ने शुभारम्भ किया।
- जबलपुर के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज जबलपुर में श्युवा संगमश् कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- नर्मदापुरम जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत आज और कल जिला पंचायत सभा कक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- पन्ना में शासकीय कार्यालयों में एआई के उपयोग को बढ़ावा' देने के लिए एआई टूल्स विषय पर विभागवार दो दिवसीय प्रशिक्षण आज और कल आयोजित किया जाएगा। और
- गुना में कल जिला न्यायालय के वीडियों कॉफ्रेंसिंग हॉल में न्यायालय, प्रशासन एवं पुलिस की अभिनव पहल विषय पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

-------